कैथल के सांपन खेड़ी गाँव में मुख्यमंत्री ने किया मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास

चर्चा में क्यों?

16 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कैथल के सांपन खेड़ी गाँव में करीब 950 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले भगवान परशुराम मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- 20 एकड़ भूमि पर बनने वाले भगवान परशुराम मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य अगले ढाई साल में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- कैथल में मेडिकल कॉलेज बनने से ज़िले के साथ पड़ोसी ज़िलों व पंजाब के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। इस समय पास के ज़िला करनाल को छोड़कर अन्य किसी भी पड़ोसी ज़िले में मेडिकल कॉलेज नहीं है। सांपनखेड़ी में मेडिकल कॉलेज के निर्माण के बाद जींद, कुरुक्षेत्र और पंजाब के संगरूर ज़िले के खनौरी और पातड़ा क्षेत्र के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा।
- गौरतलब है कि इस समय ज़िला नागरिक अस्पताल में सुविधाओं का काफी अभाव है। यहाँ पर सबसे बड़ी समस्या डॉक्टरों का न होना है। यहाँ पर स्वीकृत 56 में से महज़ 24 पदों पर ही डॉक्टर कार्यरत हैं। डॉक्टरों की कमी के कारण मरीज़ों को बेहतर इलाज यहाँ नहीं मिल पाता है।
- ज़िले में मेडिकल कॉलेज का निर्माणकार्य पूरा होने के बाद यहाँ पर स्वास्थ्य सेवाओं में काफी सुधार होगा। मेडिकल कॉलेज में ही 500 बेड का अस्पताल बनेगा। यहाँ पर 100 एमबीबीएस सीटें मिलने के बाद ज़िले के बच्चे डॉक्टर बन पाएंगे।
- इस अस्पताल के बनने के बाद यहाँ पर एक साथ काफी संख्या में लोग अपना इलाज करवाने के लिये आ सकेंगे, जबकि मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी अस्पताल में ही अपनी बेहतर सेवाएँ देकर जनता की सेवा कर पाएंगे।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इस कॉलेज और अस्पताल से हरियाणा ही नहीं, आस-पास के राज्यों को फायदा मिलेगा। इस कॉलेज के निर्माण की घोषणा करनाल में 11 दिसंबर, 2022 को हुए ब्राह्मण महाकुंभ में की गई थी।
- उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने वर्ष 2014 से पहले छह मेडिकल कॉलेज बनाए थे, जिनमें एमबीबीएस की 700 सीटें थीं, लेकिन वर्तमान में प्रदेश में 15 मेडिकल कॉलेज हैं और 2185 एमबीबीएस की सीटें हैं। आने वाले समय में फतेहाबाद, सिरसा, चरखी दादरी, पलवल सहित आठ नए मेडिकल कालेज स्थापित किये जाएंगे और आगामी चार सालों में एमबीबीएस की सीटें पाँच गुना बढ़कर 3500 हो जाएंगी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-laid-the-foundation-stone-of-medical-college-in-sampan-khedi-village-of-kaithal